Bookstalls on railway stations

430. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) what is the total number of bookstalls on different Railway stations in the country; and

(b) what are the persons/firms owning more than one bookstall indicating the names with the numbers of bookstalls owned by them?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) and (b) Information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

राजभाषा अधिनियम का लागू किया जाना

431. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय से सम्बद्ध हिन्दी सलाहकार समिति की इस वर्ष कितनी बैठके हुई और राजभाषा कार्यान्वयन समिति में सभी स्तरों पर गैर-सरकारी सदस्यो को पर्यवेक्षक के रूप में नामित किए जाने के सम्बन्ध में क्या स्थिति है;

(ख) मंत्रालय, इसके विभागो, स्थानो और अधीनस्थ कार्यालयो में, हिन्दी अनुभाग को छोड़कर किस किस अनुभाग मे शत-प्रतिशत कार्य हिन्दी में किया जा रहा है तथा यह किस-किस तारीख से किया जा रहा है तथा किन मामलों मे हिन्दी को अब तक नही अपनाया गया है तथा इसके क्या कारण है; और

(ग) राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) को मंत्रालय स्तर से निम्नतम स्तर तक पालन न किये जाने के क्या कारण हैं जबकि अधिनियम को पारित हुए 24 वर्ष तथा वार्षिक कार्यक्रम को तैयार किए 10 वर्ष हो चके हैं?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) पर्यटन मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की बैठक 29-12-86 को हुई थी। समिति की अगली बैठक 13-11-1987 के लिए नियत की गई है।

इस मंत्रालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के लिए किसी भी स्तर पर कोई गैर सरकारी सदस्य पर्यवेक्षक के रूप में नामित नही किया गया है।

(ख) और (ग) राजभाषा अधिनियम और नियम तथा राजभाषा विभाग द्वारा समय समय पर जारी किये गये दिशा निर्देशो के अनुसार पर्यटन मंत्रालय तथा उसके अधीनस्थ कार्यालयो में सरकारी कार्य राजभाषा मे करने के प्रयास किये जा रहे है।

राजभाषा अधिनियम का लागू किया जाना

432. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **जल भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि.

(क) उनके मंत्रालय मे सम्बद्ध हिन्दी सलाहकार समिति की इस वर्ष कितनी बैठकें हुई और राजभाषा कार्यान्वयन समिति में सभी स्तरों पर गैर-सरकारी सदस्यो को पर्यवेक्षक के रूप मे नामित किए जाने के संबंध में क्या स्थिति है;

(ख) मंत्रालय, इसके विभागो, संस्थाओं और अधीनस्थ कार्यालयो में, हिन्दी अनुभाग को छोड़कर किस-किस अनुभाग में शत-प्रतिशत कार्य हिन्दी में किया जा रहा है तथा यह किस-किस तारीख मे किया जा रहा है तथा किन मामलो में हिन्दी को अब तक नही अपनाया गया है तथा इसके क्या कारण है, और

(ग) राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) को मंत्रालय स्तर से निम्नतम स्तर तक पालन न किए जाने के क्या कारण